# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 21 MAY 2026

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026 के तहत कितने वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों की निशुल्क यात्रा करवाई जाएगी?**

**(A) 56 हजार**

(B) 66 हजार

(C) 76 हजार

(D) इनमें से कोई नही

- राज्य में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026 के तहत हजारों बुजुर्गों को देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों की निशुल्क यात्रा करवाई जाएगी।
- इस योजना के तहत 50 हजार वरिष्ठ नागरिकों को रेल मार्ग और 6 हजार बुजुर्गों को हवाई मार्ग से तीर्थ यात्रा कराई जाएगी
- इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर प्रदान करना है। योजना के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों को देश के प्रसिद्ध 15 जनआस्था से जुड़े तीर्थ स्थलों की निशुल्क यात्रा करवाई जाएगी।
- सरकार की इस योजना में रेल और हवाई दोनों माध्यमों से यात्रा की सुविधा दी जाएगी।

Yesterday Revision

01. राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) कोटपूतली-बहरोड़ जिले के घीलोठ में देश का दूसरा जापानी जोन विकसित कर रहा है।

02. केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नागौर जिले के मेड़ता में श्री राव दूदा मेड़तिया जी की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया।

03. राजस्थान में 'खेलों के साथ भी, खेलों के बाद भी' विजन के तहत प्रदेश के 186 पदक विजेता खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में 'आउट ऑफ टर्न' (बिना लिखित परीक्षा के सीधी) नियुक्तियां प्रदान की हैं।

04.  महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सोजत में बकरी के दूध से साबुन और शैंपू बनाने का प्लांट लगाया जाएगा

05. राजस्थान सरकार द्वारा ड्यूल सोर्स से अनवरत पावर सप्लाई प्राप्त करने वाला यह राज्य का पहला डेटा सेंटर जयपुर में स्थापित किया गया है?

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान ने तम्बाकू नियंत्रण विश्व स्वास्थ्य संगठन का 2026 के लिए 'वर्ल्ड नो टोबैको डे अवॉर्ड' सम्मान प्राप्त किया है।

(B) यह प्रतिष्ठित सम्मान डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 2025-26 में तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर दिया गया है।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान ने तम्बाकू नियंत्रण विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का 2026 के लिए 'वर्ल्ड नो टोबैको डे अवॉर्ड' सम्मान प्राप्त किया है।
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्व स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया है।
- दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में राजस्थान को यह प्रतिष्ठित सम्मान डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 2025-26 में तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर दिया गया है।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान के स्टार आलराउंडर मानव सुथार का चयन भारतीय टेस्ट टीम में हुआ है

(2) मानव से पूर्व राजस्थान के चार टेस्ट प्लेयर 1. सलीम दुर्रानी 2. हनुमंत सिंह 3. पार्थसारथी शर्मा 4. पंकज सिंह

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

- राजस्थान के स्टार आलराउंडर मानव सुथार, श्रीगंगानगर को बीसीसीआई सीनियर चयन कमेटी ने अफगानिस्तान के विरुद्ध आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम में चयनित किया है। मानव पिछले कई वर्षों से घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।
- एक ओर राजस्थान के क्रिकेटर का भारतीय टीम में चयन किया गया है वहीं दूसरी ओर वह आइपीएल राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेल रहे हैं
- भारत-अफगानिस्तान टेस्ट सीरीज का पहला मैच 6 जून 2026 से मुल्लांपुर में खेला जाएगा
- मानव से पूर्व राजस्थान के चार टेस्ट प्लेयर

1. सलीम दुर्रानी 2. हनुमंत सिंह 3. पार्थसारथी शर्मा 4. पंकज सिंह

**03. हाल ही में पेंच टाइगर रिजर्व से आई बाघिन पीएन-224 को कहां रखा गया है?**

(A) कुंभलगढ़ टाइगर रिजर्व

(B) सरिस्का टाइगर रिजर्व

(C) रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व

(D) इनमें से कोई नही



SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- पेंच टाइगर रिजर्व से आई बाघिन पीएन-224 को बूंदी के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के बजालिया एनक्लोजर में सॉफ्ट रिलीज कर दिया गया।
- बाघिन को जयपुर एयरपोर्ट से मध्यप्रदेश व राजस्थान की टीम लेकर बूंदी के लिए रवाना हुई।
- बाघिन को हाइवे मार्ग से टोंक से उनियारा, नैनवां, देई, जैतपुर से पोखानाड़ा के जरिए रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में अंदर बजालिया एनक्लोजर में लेकर पहुंचे। वहां बाघिन को सॉफ्ट रिलीज किया गया।
- रामगढ़ में पेंच टाइगर रिजर्व से बाघिन के आने के बाद रामगढ़ का कुनबा बढ़कर 8 हो गया है। इसमें 5 मादा, 2 नर व एक नर मेल शावक है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) केंद्र सरकार की तर्ज पर 'राजस्थान टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' शुरू की गई है

(2) वर्ष 2028 के ओलंपिक खेलों के लिए 40 प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों का चयन कर 25 हजार रुपये मासिक आउट ऑफ पॉकेट भत्ता दिया जाएगा

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान की प्रतिभाओं को ओलंपिक के मंच तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की तर्ज पर 'राजस्थान टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' शुरू की गई है।
- इस स्कीम का उद्देश्य वर्ष 2028 के ओलंपिक खेलों के लिए 50 प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें तैयार करना तथा इन चयनित खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय कोच, प्रशिक्षण, किट और अन्य आवश्यक सहायता प्रदान करना है।
- इसके अलावा उन्हें 25 हजार रुपये मासिक आउट ऑफ पॉकेट भत्ता भी दिया जाएगा। इसके साथ ही जयपुर में राजस्थान सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा, जहां चयनित खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेंगी।
- योजना के पारदर्शी संचालन और खिलाड़ियों के प्रदर्शन की निगरानी के लिए 'राजस्थान मिशन ओलंपिक समिति' और 'राज्य प्रतिभा खोज एवं विकास समिति' का गठन किया गया है।

05. रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना की राजस्थान में कुल लंबाई कितने किलोमीटर होगी?

(A) 64 किलोमीटर

(B) 91 किलोमीटर

(C) 72 किलोमीटर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्धता से राजस्थान को नई दिल्ली से तेज, सुरक्षित और विश्वस्तरीय परिवहन नेटवर्क के जरिए जोड़ने वाली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना को नई गति मिली है।
- राज्य सरकार और हरियाणा सरकार के बीच सहमति बनने से अब आने वाले समय में राजस्थान नमो भारत नेटवर्क से जुड़ेगा और दिल्ली से अलवर के बीच नमो भारत ट्रेन का संचालन संभव हो सकेगा।
- इससे राजस्थान के भिवाड़ी एवं नीमराना सहित एनसीआर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा तथा निवेश और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।
- इस पूरी परियोजना के तहत कुल 196 किलोमीटर लंबा नमो भारत नेटवर्क एवं 22 मुख्य स्टेशन प्रस्तावित हैं, जो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई मजबूती प्रदान करेंगे।राजस्थान में इस परियोजना की कुल लंबाई 91 किलोमीटर होगी और इसमें 6 स्टेशन प्रस्तावित हैं।

जयपुर, मंगलवार, 19 मई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-89

1. **आईस्टार्ट** कार्यक्रम मुख्य रूप से किस मॉडल पर आधारित है?
(A) पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल
(B) डायरेक्ट बेनिफिट मॉडल
(C) टॉप-डाउन मॉडल
(D) हब एंड स्पोक मॉडल

2. **राष्ट्रीय** पशुधन मिशन योजना में 'उद्यमिता विकास कार्यक्रम' के तहत पशुपालन क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए अधिकतम कितने रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है?
(A) 10 लाख रुपये
(B) 25 लाख रुपये
(C) 1 करोड़ रुपये
(D) 50 लाख रुपये

3. **प्रधानमंत्री** किसान सम्मान निधि योजना के तहत केंद्र और राजस्थान राज्य सरकार के कुल अंशदान को मिलाकर प्रदेश के किसानों को अब प्रतिवर्ष कुल कितनी सम्मान निधि राशि मिल रही है?
(A) 6,000 रुपये
(B) 7,500 रुपये
(C) 9,000 रुपये
(D) 10,000 रुपये

4. **राजस्थान** में 'श्री महावीर जी पेनोरमा' का निर्माण कहां करवाया जा रहा है?
(A) अजमेर
(B) करौली
(C) सवाई माधोपुर
(D) बीकानेर

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत भीलवाड़ा जिले की उपज कौन सी है?
(A) संतरा
(B) गुलाब
(C) तिल
(D) सरसों

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान सरकार द्वारा ड्यूल सोर्स से अनवरत पावर सप्लाई प्राप्त करने वाला यह राज्य का पहला डेटा सेंटर कहां स्थापित किया गया है?**

(A) जोधपुर

(B) अलवर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine